Title: Need to open an army recruitment centre at Sadulpur in Churu district of Rajasthan -laid.

श्री नरेन्द्र बुडानिया (चुरू) : महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रक्षा मंत्री का ध्यान राजस्थान के अपने लोक सभा क्षेत्र चुरू के नगर सादुलपुर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं जहां से सेना में अन्य भागों की तुलना में सबसे ज्यादा जवान भर्ती होते हैं और वहां के रणबांकुरे रक्षा सेनाओं में भर्ती होकर देश सेवा करने का सर्वोत्तम मनोबल एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहते हैं। वहां पर पांच हजार से ज्यादा भूतपूर्व सैनिक निवास करते हैं। इसी से अनुमान लगा लीजिए कि सादुलपुर की जनता में सेना एवं देश के प्रति कितना आदरभाव है?

महोदय, मुझे अत्यन्त खेद के साथ मंत्री महोदय का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना पड़ रहा है कि सबसे अधिक जवानों की भर्ती वहां से होने के बावजूद या मैं यूं कहूं कि वहां से लगभग हर परिवार में से एक व्यक्ति सेना में है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इतना होने के बावजूद वहां पर सेना के एक भी भर्ती केन्द्र नहीं है। मेरी आपके माध्यम से रक्षा मंत्री महोदय से मांग है कि सादुलपुर जिला चुरू-राज में सेना का एक स्थाई भर्ती केन्द्र खोला जाए।